प्रश्न सं. [क्र. 937]

परिशिष्ट - 1

क्र. 679 / स्था.न.9 / प्र.स.   मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय   अ.प्र.पु.प्र. दिनांक 21.6.2024

प्रश्न

उत्तर भेजने का अंतिम दिनांक 04.07.2024

वर्ग :- 04

सदन में उत्तर देने का दिनांक :- 26/06/2024

विभाग का नाम :- लोक निर्माण विभाग

विषय :- :- सड़क निर्माण

अतारांकित प्रश्न कमांक –937   द्वारा– श्री फुन्देलाल सिंह मार्को

क्या लोक निर्माण मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

मान.श्री फुन्देलाल सिंह मार्को, माननीय विधानसभा सदस्य

स.क्र.	प्रश्न	उत्तर
क	क्या विधानसभा क्षेत्र पुष्पराजगढ़ के कई ग्रामों से मुख्य मार्ग तक आने जाने हेतु सड़कों का अभाव होने के कारण आम जनता बरसात के समय विशेष रूप से परेशान होती रहती हैं? सेमरवार से गोधन पाटन, कोहका मुख्य मार्ग से गर्जन बीजा, पड़मनियों मुख्य मार्ग से खरसोल, मुख्य मार्ग बगदरा से खाल्हेधवई, कुम्हनी मुख्य मार्ग से खासरमाटी, मुख्य मार्ग बाहरी झोरी (दुमुहनि)।	अनूपपुर जिले का पुष्पराजगढ़ विकासखण्ड पहाड़ी क्षेत्र में स्थित है। कई बसाहटों में मार्ग न होने से आम जनता को बरसात के दिनो में परेशानी होती है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत भारत सरकार जनजातीय कार्य विभाग के द्वारा जारी बैगा, भारिया, सहारिया जनजाति के निवासरत बसाहटों के लिये चरणबद्ध तरीके से शामिल कर सर्वेक्षण की कार्यवाही की जा रही है। प्रथम चरण में सेमरवार से गोधन पाटन, कोहका मुख्य मार्ग से गर्जन बीजा, पड़मनियों मुख्य मार्ग से खरसोल, मुख्य मार्ग बगदरा से खाल्हेधवई को पक्की सड़क से जोड़ने हेतु स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। शेष मार्ग कुम्हनी मुख्य मार्ग से खासरमाटी, मुख्य मार्ग बाहरी झोरी (दुमुहनि) भारत सरकार Ministry of Tribal Affairs (MoTA) 2015 की सूची में शामिल नही है।
ख	यदि हॉं, तो उक्त सड़क निर्माण, पुलों के निर्माण हो जाने से 30 से 40 हजार ग्रामीण जनों को सुविधा प्राप्त होगी, क्या विभाग द्वारा डी.पी.आर. तैयार कराये जाने के अदेश जारी किये जाएंगे, कब तक डामरीकृत मार्ग निर्माण किया जाएगा?	हॉं, उक्त सड़कों का निर्माण होने से ग्रामीण जनों को आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी। प्रश्नांश का शेष भाग शासन स्तर से संबंधित है।
ग	प्रश्नांश (क) अनुसार कुछ ग्रामों में बरसात के समय मुख्य मार्ग तक पहुँच पाना मुश्किल हो जाता है बीमार व्यक्तियों को इलाज के लिए उप स्वास्थ्य केन्द्रों तक लाने में मुसीबत होती है। कई जाने भी गई है। पक्की सड़क निर्माण का कार्य हो जाने से कई जान बचाई जा सकती है शासन इस पर कब तक निर्माण संबंधी कार्यवाही करेगी?	वर्षाकाल के समय में सड़क संपर्कता न होने से आवागमन में कठिनाई होती है। सड़क का निर्माण होने जाने से आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी।

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
लोक निर्माण विभाग, मंत्रालय

For महाप्रबंधक
म.प्र.ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण
परियोजना क्रियान्वयन इकाई अनूपपुर